इंडियन लाइट टैंक (ILT) ज़ोरावर

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

इंडियन लाइट टैंक (ILT), जिसे **ज़ोरावर** के नाम से भी जाना जाता है, ने 4,200 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर फायरिंग परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

- इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) तथा **लार्सन एंड टुब्रो (L&T)** द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है, जिसमें उच्च ऊँचाई वाले युद्ध और तीव्र तैनाती के लिये विभिन्न सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का योगदान भी शामिल है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **उच्च ऊँचाई पर प्रदर्शन:** लद्दाख के कठिन भूभाग में, इसने विभिन्न रेंजों पर कई राउंड सटीक फायरिंग करते हुए उल्लेखनीय गतिशीलता और विश्वसनीयता दिखाई है।
  - **एयरलिफ्ट क्षमता: भारतीय वायु सेना द्वारा टैंक की एयरलिफ्टिंग क्षमता के प्रदर्शन का भी परीक्षण किया गया ताकि दुर्गम स्थानों पर त्वरित तैनाती की जा सके।**
- **महत्त्व:** यह स्वदेशी नवाचार के साथ भारत की **पर्वतीय युद्ध क्षमताओं** को मज़बूत करता है, हवाई परिवहन क्षमता, उच्च कोण पर फायरिंग और बढ़ी हुई गतिशीलता के लिये सीमित रूप से हथियार प्रक्षेप्य (तोपखाने) की भूमिका प्रदान करता है।

//

और पढ़ें: रक्षा प्रौद्योगिकी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-light-tank-ilt-zorawar